आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक 05.06.2024 समय 18.30

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पद से इस्तीफा दिया– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनसे नई सरकार के गठन तक पद पर बने रहने को कहा।
- केन्द्र में नई सरकार के गठन के लिये आज दिल्ली में एनडीए के घटक दलों की बैठक हुई।
- विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रदेशभर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित–मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण को सामूहिक जिम्मेदारी बताया।
- देश में वर्ष 2023–24 में खाद्यान्न उत्पादन तीन हजार दो सौ 88 लाख टन से अधिक होने का अनुमान।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर अपनी मंत्रिपरिषद् का भी इस्तीफा राष्ट्रपति को सौंप दिया। श्रीमती मुर्मू ने उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया है। श्री मोदी ने राष्ट्रपति से 17वीं लोकसभा भंग कर ने की सिफारिश की। राष्ट्रपति मुर्मू ने नई सरकार बनने तक प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रिपरिषद से पद पर बने रहने का अनुरोध किया। श्री मोदी ने आज उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात की।

000

नई दिल्ली में आज निवर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निवास पर एन डी ए के घटक दलों की बैठक हुई। बैठक के दौरान श्री मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार नई सरकार के गठन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। तेलुगूदेसम पार्टी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू, जनता दल युनाइटेड प्रमुख और बिहार के मुख्यैमंत्री नीतीश कुमार तथा लोकजन शक्ति पार्टी (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान और एनडीए के घटक दलों के नेता बैठक में मौजूद रहे।

000

लोकसभा चुनाव में राजस्थान के पांच विधायक जीते है। अब उनके विधानसभा क्षेत्रों में उप चुनाव कराए जाएंगे। ये सभी पिछले साल नवम्बर में हुए विधानसभा चुनावों में विधायक निर्वाचित हुए थे। चौरासी विधानसभा क्षेत्र से भारत आदिवासी पार्टी के विधायक राजकुमार रोत, दौसा से कांग्रेस के विधायक मुरारी लाल मीणा, उनियारा से कांग्रेस के विधायक हरीश चन्द्र मीणा, खींवसर से राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के विधायक हनुमान बेनीवाल और झुन्झुनू से कांग्रेस के विधायक बृजेन्द्र ओला लोकसभा चुनाव जीत कर सांसद बन गऐ हैं।

000

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को नवाचारों और आर्टिशिफियल इंटेलीजेंस आधारित तकनीकों से और मजबूत और पेशेंट फ्रेंडली बनाया जाएगा। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों का एक दल चिकित्सा के क्षेत्र में हो रहे आधुनिकतम कार्यों, नवाचारों और तकनीकों का अध्ययन करने के लिए नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जाएगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि प्रदेश में विभिन्न नवाचारों के माध्यम से चिकित्सा सेवाओं को मजबूत किया जा रहा है, ताकि रोगियों को अस्पतालों में गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध हो तथा परिजनों को भी किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए एआई और आईटी आधारित क्यू मैनेजमेंट सिस्टम विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अस्पतालों में भी यह सुविधा विकसित करने की दृष्टि से चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों का दल 6 और 7 जून को एम्स का दौरा करेगा।

000

आज विश्व पर्यावरण दिवस है। ये दिन दुनियाभर में प्रकृति को सहेजने और पर्यावरणीय मुद्दों पर जागरूकता तथा वैश्विक सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू,** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने लोगों को पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। विश्‍व पर्यावरण दिवस पर लोकसभा अध्‍यक्ष ओम बिरला ने संसद भवन परिसर में पौधारोपण किया।

उन्‍होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और इससे उपजी परिस्थितियों से पूरा विश्‍व चिंतित है और भारत ही विश्‍व को इस चुनौती का सामना करने की राह दिखाएगा। श्री बिरला ने कहा सभी एक पौधा लगाएं और वृक्ष बनने तक उसका संरक्षण करें।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है और सभी को प्रकृति के साथ तालमेल बिठाकर रहना सीखना होगा। श्री शर्मा आज जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय विश्व पर्यावरण दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति सम्मान और संरक्षण सदियों से भारतीय संस्कृति का विशेष अंग रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली और पानी सीमित रूप से उपलब्ध हैं इसीलिए इनको बचाना भी इनके उत्पादन के बराबर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री जल स्वाबलंबन अभियान 2.0 चला रहा है। जिसके अंतर्गत बारिश के पानी को सहेजने के लिए प्रदेशभर में 3 हजार 500 करोड़ रुपए की लागत से 1 लाख 10 हजार वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर्स का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान चलाएगी जिसके अन्तर्गत इसी साल मानसून के दौरान 7 करोड पौधों का रोपण किया जाएगा। समारोह में मुख्यमंत्री ने जयपुर के लिए वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली लांच की।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेश के अन्य जिलों में भी कार्यक्रम हुए। **डीग** में एलईडी वैन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। **झुंझुनूं** में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल और वन विभाग की ओर से पर्यावरण जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। **पाली** में इस मौके पर संभागीय आयुक्त प्रतिभा सिंह ने महिला सुरक्षा सहयोगी समिति के साथ कार्यालय परिसर में परिंडे लगाए। जिले के सोजत उपखंड में बस स्टैंड पर मानव श्रृंखला के जरिये लोगों को जागरूक किया गया। नगर परिषद **केकड़ी** में विधायक शत्रुघ्न गौतम द्वारा पौधारोपण किया गया। **भीलवाड़ा** में प्रशासन और स्वयं सेवी संगठनों की ओर से पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया गया। नेहरू युवा केंद्र **करौली** की ओर से गोठरा पंचायत में यूथ क्लब द्वारा पौधे लगाए गए। **करौली** में स्काउट गाइड संगठन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पुष्पेंद्र कुमार शर्मा ने स्काउट गाइड्स को वृक्षारोपण महा अभियान में पांच–पांच पेड़ लगाकर सहयोग करने की शपथ दिलाई। इसी तरह **बूंदी** में स्काउट गाइड की ओर से चल रहे कौशल विकास और अभिरुचि प्रशिक्षण शिविर में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। **बाड़मेर** में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स द्वारा पौध–रोपण किया गया। इस दौरान चित्रकला प्रतियोगिता भी रखी गई। **सवाईमाधोपुर** में वन और पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा ने पौधा रोपण किया। इधर **जयपुर** के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में प्राचार्य पी.के. टेलर और स्टाफ ने विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण किया।

**भरतपुर** के सरसों अनुसंधान निदेशालय में राजस्थान जैव विविधता बोर्ड की ओर से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। **जोधपुर** के काजरी में विश्व पर्यावरण दिवस पर संस्थान के प्रभारी निदेशक डॉ. एस.पी.एस तंवर ने पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से तैयार किये गये पोस्टरों का विमोचन भी किया गया।

000

सवाईमाधोपुर के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में आज से मिशन लाइफ का आयोजन इको क्लब के विद्यार्थियों द्वारा किया जा रहा है। विद्यालय के प्राचार्य राजेश्वर सिंह ने बताया कि 12 जून तक चलने वाले इस कार्यक्रम में स्वस्थ जीवन शैली, ऊर्जा की बचत, पानी की बचत और प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसानों के बारे में अभिभावकों तथा छात्र–छात्राओं को जागरूक किया जाएगा । इस कैंप में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। साथ ही कई प्रतियोगिताएं भी होंगी।

000

मौसम विभाग ने आज एक नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना जताई है। विभाग ने कहा है कि इसके असर से भरतपुर, जयपुर, कोटा, अजमेर, बीकानेर और जोधपुर संभाग में कहीं कहीं पर बारिश के आसार हैं। इस बीच राज्य के पश्चिमी हिस्सों में मौसम शुष्क रहा वहीं पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर बारिश हुई। इस दौरान जयपुर, बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं लू के हालात रहे।

श्रीगंगानगर में रात में भी लू चली। बूंदी में कल की बारिश के बाद आज दिनभर तेज गर्मी रही। अधिकांश स्थानों पर तापमान भी 42 से 46 डिग्री के बीच दर्ज किया गया।

000

देश में वर्ष 2023–24 में खाद्यान्न उत्पादन तीन हजार दो सौ 88 लाख टन से अधिक होने का अनुमान है। कृषि मंत्रालय द्वारा जारी प्रमुख कृषि फसलों के तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, चावल का उत्पादन एक हजार तीन सौ 67 लाख टन रहने की आशा है। वहीं, गेंहू का उत्पादन एक हजार एक सौ 29 लाख टन से अधिक होने का अनुमान है जो पिछले वर्ष की तुलना में 23 लाख टन से अधिक है। आकाशवाणी से बातचीत में कृषि विशेषज्ञ डॉक्टर संतकुमार चौधरी ने बताया कि तुअर दाल के उत्पादन को लेकर 34 लाख टन का अनुमान रखा गया है।

000

झुंझुनूं पुलिस ने आज ईलाज में लापरवाही बरतने के मामले में डॉ. संजय धनखड़ को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा ने प्रेस कान्फ्रेंस में ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने डॉ. धनखड़ के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 337 और 338 में मामला दर्ज किया था। लेकिन जांच में सामने आए तथ्यों के बाद इस मामले में भारतीय दंड सहिता की धारा 420, 465 और 473 को भी जोड़ा गया है। अब डॉ. धनखड़ को कोर्ट में पेश किया जाएगा। जहां से उन्हें पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गलत किडनी निकालने के इस मामले में गायब हुई किडनी को लेकर भी पूछताछ की जाएगी।

000